Series : SOS/1

Code No. / कोड नं. **62/1**

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# SOCIOLOGY
# समाजशास्त्र

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 80*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[अधिकतम अंक : 80*

**General Instructions :**

*(i)* *There are **25** questions in all.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *Question Nos. **1-14** are of **2** marks each, and are to be answered in about **30** words.*

*(iv)* *Question Nos. **15-21** are of **4** marks each, to be answered in about **80** words.*

*(v)* *Question Nos. **22-24** are of **6** marks each, to be answered in about **200** words.*

*(vi)* *Question No. **25** carries **6** marks and is to be answered based on the passage given.*

*(vii)* *Answers should be precise and to the point.*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र में कुल **25** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1-14** तक **दो-दो** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **30** शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **15-21** तक **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **80** शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **22-24** तक **छह** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **200** शब्दों में दीजिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **25** के लिए **छह** अंक निर्धारित हैं और उसका उत्तर दिए हुए अनुच्छेद के आधार पर देना है ।*

*(vii)* *आपके उत्तर सुनिश्चित तथा प्रश्न के अनुकूल होने चाहिए ।*

1. Write a note on purity and pollution. **2**
पवित्रता और प्रदूषण पर टिप्पणी लिखिए ।

2. What is participatory democracy ? **2**
प्रतिभागी लोकतंत्र क्या है ?

3. What features mark or characterize a social movement ? **2**
किसी सामाजिक आंदोलन को कौन सी विशेषताएँ चिह्नित या निर्धारित करती हैं ?

4. Define 'State'. **2**
'राज्य' को परिभाषित कीजिए ।

5. What steps were taken by colonial rulers for the smooth functioning of its rule ? **2**
अपने शासन के निर्बाध संचालन के लिए औपनिवेशिक शासकों ने क्या कदम उठाए ?

6. What sectors or spheres are important in a modern economy ? **2**
आधुनिक अर्थव्यवस्था में कौन से खंड या क्षेत्र महत्त्वपूर्ण हैं ?

7. What is meant by support prices ? **2**
समर्थन मूल्यों का क्या अर्थ है ?

8. What is meant by assimilationist policies ? **2**
समावेशी नीतियों का क्या आशय है ?

9. How did British industrialization lead to deindustrialization in some sectors in India ? **2**
ब्रिटेन के औद्योगीकरण से भारत के कुछ क्षेत्रों में अनुद्योगीकरण कैसे हुआ ?

10. What are the ways by which workers are made to produce more ? **2**
किन उपायों के द्वारा श्रमिकों से अधिक उत्पादन कराया जा सकता है ?

11. Highlight the potential of FM channels in a post liberalized India. **2**
उदारीकरण के बाद के भारत में एफ.एम. चैनलों की क्षमताओं पर प्रकाश डालिए ।

12. What does the principle of nationalism assume ? **2**
राष्ट्रवाद का सिद्धांत क्या मानकर चलता है ?

13. Identify two negative social effects of Green Revolution. **2**
हरित क्रांति के दो निषेधात्मक सामाजिक प्रभावों की पहचान कीजिए ।

14. Highlight any two features of an organized sector. **2**
संगठित क्षेत्र की किन्हीं दो विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

15. In what ways can changes in the social structure lead to changes in the family structure ? **4**
सामाजिक संरचना में बदलावों के परिणाम स्वरूप पारिवारिक ढाँचे में बदलाव कैसे होता है ?

16. Discuss what is an Ecological Movement by giving suitable examples. **4**

**OR**

Write a short note on AITUC.
उपयुक्त उदाहरण देते हुए विवेचना कीजिए कि पारिस्थितिकीय आंदोलन क्या है ?

**अथवा**

AITUC पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

17. What arguments were given by Dr. Ambedkar and by Mahatma Gandhi for constituting local governments ? **4**

**OR**

73rd amendment has had a monumental role in bringing a voice to the people in villages. Comment.
स्थानीय सरकारों के गठन के बारे में डॉ. अंबेडकर और गांधीजी ने क्या तर्क दिए ?

**अथवा**

ग्रामीण लोगों को स्वर देने में 73-वें संशोधन की बहुत बड़ी भूमिका रही है । टिप्पणी कीजिए ।

18. In what ways did the Indian economy change after the coming of colonialism ? **4**
उपनिवेशवाद के आने के बाद भारत की अर्थव्यवस्था किन रूपों में परिवर्तित हुई ?

19. The beginning of the printing press led to the growth of the idea of a 'Nation' as an 'imagined community'. Discuss as suggested by Benedict Anderson. **4**
छापेखाने के प्रारंभ से 'राष्ट्र' का 'काल्पनिक समुदाय' के प्रत्यय के रूप में विकास हुआ । बेनेडिक्ट एंडर्सन के सुझावानुसार चर्चा कीजिए ।

20. What changes took place in the areas where agriculture became more commercialized ? **4**
उन क्षेत्रों में क्या परिवर्तन हुए जहाँ कृषि का अधिक व्यावसायीकरण हो गया ?

21. What are community identities ? Why are they important ? **4**
सामुदायिक पहचानें किन्हें कहते हैं ? वे क्यों महत्त्वपूर्ण हैं ?

22. Highlight different dimensions of 'untouchability' by giving suitable examples. **6**
उपयुक्त उदाहरण देते हुए अस्पृश्यता के विविध आयामों पर प्रकाश डालिए ।

23. Are global interconnections new to the World and to India ? Explain this by giving suitable examples. **6**
क्या भूमंडलीय अंतर्संबंध विश्व और भारत के लिए नए हैं ? उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

24. How has sanskritisation as a concept been criticized ? **6**

**OR**

State and discuss the different aspects of modern change in colonial India.

एक संप्रत्यय के रूप में संस्कृतीकरण की आलोचना कैसे हुई ?

**अथवा**

औपनिवेशिक भारत में आधुनिक परिवर्तनों के विविध पहलुओं की विवेचना कीजिए ।

25. Read the passage and answer the questions below :

**Most deaths of children under five occur in India, says Unicef report**

This is another ranking that India would hate to top.

Close on the heels of recording the largest number of women dying during child birth, the country now occupies another top spot. India holds the unenviable record of being home to the highest number of children who die before reaching their fifth birthday.

According to the latest United Nations under-five mortality estimates, released by Unicef, India recorded 17.26 lakh under-five deaths with a mortality rate of 66 in 2009.

The statistics was much worse in 1990 – the base year when the progress made by countries to combat child mortality is calculated.

In 1990, India had recorded 31 lakh under-five deaths, with a mortality rate of 118.

The under-five mortality is increasingly concentrated in a few countries. About half of global under-five deaths in 2009 occurred in only five countries : India, Nigeria, Congo, Pakistan and China.

(TOI, New Delhi, September 18, 2010)

(1) What is the difference between infant mortality rate and maternal mortality rate ? **2**

(2) Name some of the countries where most children die under-five. According to you what are the most common causes of death ? **4**

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार भारत में पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सर्वाधिक मृत्यु**

यह दूसरे प्रकार की सूची है, जिसके शीर्ष पर भारत नहीं होना चाहेगा ।

बच्चों को जन्म देने में सर्वाधिक महिलाओं की मृत्यु संख्या दर्ज करने के बाद देश एक दूसरे क्षेत्र में शिखर पर है । अपने पाँचवें जन्मदिवस से पहले ही मृत्यु को प्राप्त करने वाले शिशुओं की सर्वाधिक संख्या का अवांछित रिकॉर्ड भी भारत के नाम है ।

संयुक्त राष्ट्र के यूनिसेफ द्वारा जारी किए गए पाँच वर्ष से कम के बच्चों की मृत्यु के पूर्वानुमानों के अनुसार 2009 में भारत ने पाँच वर्ष से कम के बच्चों की मृत्यु संख्या 17.26 लाख, जिसकी मृत्यु दर 66 है, दर्ज की ।

1990 में, जिसे बच्चों की मृत्युदर को रोकने में देशों की प्रगति की गणना के लिए आधार वर्ष माना जाता है, ये आँकड़े और भी खराब थे ।

1990 में भारत में पाँच वर्ष से कम में होने वाली मौतें 31 लाख दर्ज कराई गईं जिनकी मृत्युदर 118 है ।

पाँच वर्ष से कम उम्र में होने वाली मौतें कुछ ही देशों में केंद्रित हैं । 2009 में विश्वभर की पाँच वर्ष से कम की मौतों की लगभग आधी संख्या केवल पाँच देशों में केंद्रित है – भारत, नाइजीरिया, कॉन्गो, पाकिस्तान और चीन ।

(टाइम्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, सितंबर 18, 2010)

(1) शिशु मृत्युदर और मातृ मृत्युदर में क्या अंतर है ?

(2) कुछ देशों के नाम लिखिए जहाँ पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु सर्वाधिक होती है । आपके विचार से मृत्यु के सबसे आम कारण क्या हो सकते हैं ?

---